वर्ष 6 अंक 117
पृष्ठ 12
धनबाद, गुरुवार
2 नवंबर 2017
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण



नेहरा जैसी विदाई सभी को मिले : कपिल 10

हिंद महासागर के सैन्यीकरण में वृद्धि चिंताजनक : सीतारमण 11

www.jagran.com

पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



# राज्यस्तरीय कराटे में डीपीएस की अन्विता अव्वल

**आसनसोल :** युवा भारती संघ हर्षवर्धन रोड़ दुर्गापुर में आयोजित 19 वें केबीआई वेस्ट बंगाल ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की छात्रा अन्विता चटर्जी ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 20 जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की 9 वीं कक्षा की छात्रा अन्विता चटर्जी ने 13 से 15 आयु वर्ग की कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर काटा तथा कुमिते प्रतियोगिताओं में राज्य में क्रमश : प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया द्य काटा प्रतियोगिता में अपने 18 प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर अन्विता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय तथा शहर को गौरवान्वित किया। वही कुमिते प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर देकर द्वितीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने छात्र को गोल्ड तथा सिल्वर मैडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।




शील्ड व प्रमाणपत्र के साथ अन्विता चटर्जी